बुद्ध की शिक्षा के संवाहक थे संत व महापुरुष

समरसता से समानता की ओर विषय पर हुई संगोष्ठी, सम्मान भी किया

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,09फरवरी। संत किसी समाज के नहीं होते, वह ईश्वर के दूत हैं। गौतम बुद्ध, कबीर और रविदास के विचार आज भी हमें सामाजिक समरसता, समानता और मानवता का मार्ग दिखाते हैं। यह बात हॉकी इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर (रामू) ने वीके गार्डन खुरैरी, मुरार में समरसता से समानता की ओर विषय पर आयोजित संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। मुख्य वक्ता जीवाजी विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष प्रो. शांतिदेव सिसोदिया थे। अध्यक्षता वीआरजी कॉलेज के प्रो. पीसी जाटव ने की। इसके अलावा आयोजक गिर्राज वर्मा, दुर्गेश मंडेलिया, पूर्व पार्षद शिवराम जाटव, पुरुषोत्तम टमोटिया, होतम मौर्य, शैलेन्द्र प्रताप कदम, इंजी. केबी दोहरे मंचासीन रहे। आरंभ में संत रविदास एवं बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद गेंदालाल, रणवीर बंसल, खुशबू बौद्ध, पवन और रंजीत ने संत रविदास के भजनों की प्रस्तुति दी। स्वागत भाषण संभागीय उपाध्यक्ष अजाक्स लक्ष्मीनारायण जाटव ने दिया। मुख्य वक्ता प्रो. शांतिदेव सिसोदिया ने कहा कि जब देश में मुगलों का शासक था, तब संतों और महापुरुषों ने समता और समानता की बात कही। यह सभी महापुरुष बुद्ध की शिक्षा के संवाहक थे। अध्यक्षता कर रहे प्रो. पीसी जाटव ने कहा कि हमने देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गिर्राज वर्मा ने कहा कि विश्व गुरु के योगदान में सभी मिलकर काम करें। एकता की आवाज सभी जगह सुनी जाती है। दुर्गेश मंडेलिया ने कहा कि संत व महापुरुषों के आदर्शों को अपनाएं। अंत में अतिथियों के साथ दुर्गेश मंडेलिया व गिर्राज वर्मा ने रामगोपाल मिलन, वीरेंद्र शौर्य, लाखन सिंह राजे, कन्हैयालाल मास्टर, मुन्नालाल, होतम सिंह, नत्थाराम राजौरिया, अशोक मंडेलिया, रामनाथ सिंह गोयल, भूरेलाल, धारा सिंह बिजौल, एडवोकेट राकेश कौशल, श्रीमती दिव्या बौद्ध को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संचालन कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अतर सिंह जाटव ने किया। आभार आयोजक गिर्राज वर्मा एवं दुर्गेश मंडेलिया ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में लक्ष्मीनारायण जाटव, अतर सिंह जाटव, एनडी मौर्य, वीरेंद्र जयंत, राजेंद्र पक्षवार, मनीराम काटोरिया, कुँअर राज कटारे, रामौतार राजौरिया, ओपी सिंह, राम अवतार मौर्य, टी डी डंडौतिया, मूर्तिराम बाथम, आदि उपस्थित रहे।

जिला अस्पताल मुरार के निरीक्षण में मिली खामियां

सुधार के लिए 7 दिन का दिया अल्टीमेटम



नवभारत न्यूज
ग्वालियर,09फरवरी। स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने के लिए सोमवार को एडीएम कुमार सत्यम ने जिला चिकित्सालय मुरार का औचक निरीक्षण किया। आगामी 28 फरवरी को होने वाले राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के केंद्रीय टीम के सर्वे को देखते हुए यह निरीक्षण बेहद महत्वपूर्ण था। निरीक्षण के दौरान सर्जिकल वार्ड में टेबल का मैकिनटोश गंदा और फटा मिला, साथ ही ईएनटी विभाग में भी व्यवस्थाएं बदहाल पाई गईं। लगभग हर सेक्शन में कमियां मिलने पर एडीएम ने गहरी नाराजगी जताई। अधिकारियों को फटकार लगायी और सिविल सर्जन डॉ. राजेश शर्मा और सीएमएचओ डॉ. सचिन श्रीवास्तव को सुधार हेतु 7 दिन का समय दिया है। एडीएम ने कड़ी चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया कि यदि 7 दिन बाद पुनः निरीक्षण में सुधार नहीं मिला या अस्पताल एनक्यूएएस मानकों में फेल हुआ, तो संबंधितों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के बाद एडीएम एनआरसी ठाठीपुर गए वहां की व्यवस्थाएं उन्हें संतोषजनक मिलीं।

राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) में जिला अस्पताल को खरा उतरना अनिवार्य है। लापरवाही बरतने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। मैंने आज अस्पताल की अव्यवस्थाओ का निरीक्षण किया है और जो कमियां नज़र आई उन्हें तत्काल दूर करने के निर्देश दिए हैं 7 दिन बाद फिर देखूँगा.

— कुमार सत्यम, एडीएम ग्वालियर

एक नजर में

मानस भवन में सवर्ण समाज की विचार गोष्ठी के लिए हुई बैठक

ग्वालियर। सवर्ण समाज समन्वय समिति (एस4) के तत्वावधान में 14 फरवरी को दोपहर 1 बजे मानस भवन में आयोजित विचार गोष्ठी को लेकर सोमवार को परिसर में बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर एड. आशुतोष दुबे ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए कहा कि आयोजन के मुख्य वक्ता एस4 के संस्थापक एवं शांभवी पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी आनंद स्वरूप होंगे। वहीं भारत सरकार के पूर्व प्रधान आयुक्त एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनूप श्रीवास्तव (आईआरएस) तथा क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। सुरेद्र सिंह तोमर ने हस्ताक्षर अभियान के संबंध में अवगत कराया। इसके साथ ही सवर्ण समाज के अन्य लोगों ने अपने सुझाव दिए। आखिर में आनंद स्वरूप ने वीडियो कॉल पर चर्चा कर उन्हें कार्यक्रम की सफलता का आशीर्वाद दिया। बैठक में महेश मुद्गल, जयवीर भारद्वाज, राकेश सक्सेना, अखिलेश पांडे, शैलेंद्र सिंह राजावत, सुनील पटेरिया, कुलदीप कांकोरिया, गजेंद्र सेंगर, हरेंद्र शर्मा, राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, मुकेश पुजारी, प्रदीप शर्मा, एके श्रीवास्तव, रामनारायण मिश्रा, प्रदीप शर्मा आरोली, सुरेंद्र प्रकाश, प्रताप सक्सेना, देवेंद्र श्रीवास्तव, योगेंद्र मिश्रा, अमित खेमरिया, देवेंद्र भाले, उमेश दीक्षित आदि उपस्थित थे।

मिर्गी कोई डर या भ्रम नहीं, संभव है सामान्य जीवन: आर जे एन अपोलो स्पेक्ट्रा

ग्वालियर। आर जे एन अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल के वरिष्ठ न्यूरो फिजिशियन डॉ आभास कुमार ने वर्ल्ड एपिलेप्सी दिवस के अवसर पर बताया कि मिर्गी एक आम लेकिन अक्सर गलत समझी जाने वाली न्यूरोलॉजिकल बीमारी है, जिसके कारण मरीज को बार-बार दौरे पड़ते हैं। अब मिर्गी की आधुनिक जाँच और उपचार सुविधाएँ आर जे एन अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल ग्वालियर में उपलब्ध हैं। यहाँ इइजी, वीडियो इइजी मॉनिटरिंग, एमआरआई ब्रेन (एपिलेप्सी प्रोटोकॉल), सिटी स्कैन सहित अन्य आवश्यक जाँचों के माध्यम से मिर्गी के प्रकार और कारण की सटीक पहचान की जाती है। इसके बाद विशेषज्ञ न्यूरोलॉजिस्ट द्वारा आधुनिक दवाओं, नियमित मॉनिटरिंग और जीवनशैली परामर्श के साथ सम्पूर्ण उपचार दिया जाता है।

नवग्रह पीठ प्राण प्रतिष्ठा आज से,होंगी लाखों आहुतियां

दाती महाराज और आचार्य बद्रीश महाराज डबरा पहुंचे

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,09फरवरी। शनि धाम पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर दाती महाराज और आचार्य बद्रीश महाराज डबरा पहुंचे। उन्होंने यहां नवनिर्मित नवग्रह पीठ का भ्रमण किया और कल से शुरू होने वाले 9 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की जानकारी दी।दाती महाराज ने बताया कि डबरा की यह पीठ अपने आप में अनोखी है, क्योंकि यहां सभी नवग्रह अपनी पत्नियों और वाहनों के साथ विराजमान हैं। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम कल से शुरू होकर 9 दिनों तक चलेगा। इस दौरान लाखों मंत्रों की आहुतियां दी जाएंगी और विशेष तंत्र क्रियाएं संपन्न की जाएंगी, जिससे मूर्तियां पूर्ण रूप से जागृत होंगी। 10 से 20 फरवरी तक चलने वाले इस आयोजन में दिनभर सैकड़ों ब्राह्मण मंत्र जाप करेंगे और रात में विशेष यज्ञ आयोजित होंगे। दाती महाराज का दावा है कि यह पीठ ग्रहों की शांति का बड़ा केंद्र बनेगी और लोगों की समस्याओं का समाधान करेगी। आचार्य बद्रीश महाराज ने भी नौ की संख्या को पूर्ण बताते हुए कहा कि अनुष्ठान के बाद यहाँ का कण-कण सजीव हो उठेगा। इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

झुंझुनू सैनिक अकादमी एवं पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव मना

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,09फरवरी। झुंझुनू सैनिक अकादमी एवं झुंझुनू पब्लिक स्कूल, ग्वालियर द्वारा आयोजित वार्षिक समारोह का आयोजन अत्यंत भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति, संस्कृति और उत्साह से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। मुख्य अतिथि आशीष अग्रवाल (बी.जे.पी. मीडिया प्रभारी, म.प्र.) ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने विद्यार्थियों के अनुशासन, प्रतिभा और आत्मविश्वास की सराहना की। समारोह में छात्रों द्वारा देशभक्ति नृत्य, सैनिक परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रंगारंग प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष रूप से सेना थीम पर आधारित प्रस्तुति एवं तिरंगे के साथ किया गया प्रदर्शन सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहा। विद्यालय प्रबंधन द्वारा मेधावी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष रविंद्र सिंह निदेशक चेतन सिंह प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। फोटो रित्रभ

मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में 18 को कुलैथ में होगा किसान सम्मेलन

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कुलैथ पहुँचकर आयोजन स्थल का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 09 फरवरी। किसान कल्याण वर्ष एवं संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 18 फरवरी को ग्वालियर जिले के ग्राम कुलैथ में किसान सम्मेलन में किसानों से रूबरू होंगे। इस मौके पर किसानों के लिये आधुनिक खेती किसानी के लिये उपयोग किए जाने वाले कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी का भी प्रदर्शन किया जायेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 18 फरवरी को प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों के लिये कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने सोमवार को ग्राम कुलैथ पहुँचकर आयोजन की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सोजान सिंह रावत, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री प्रदीप कुमार, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग श्री भदौरिया सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कुलैथ में किसान सम्मेलन आयोजन के संबंध में स्थल निरीक्षण कर व्यवस्थाओं के संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रदेश में वर्ष 2026 किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। किसानों के हित में किए गए विभिन्न कार्यों और आधुनिक कृषि के लिये उपयोग हो रहे उपकरणों का प्रदर्शन भी कार्यक्रम में किया जाए।

क्रिएटिव हाउस के संयोजक बने राधेश्याम भाकर

ओमप्रकाश अग्रवाल व महेश मुदगल सह संयोजक बने

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,09फरवरी। मप्र चेंबर ऑफ कॉमर्स के क्रिएटिव हाउस की होटल सेलिब्रेशन इन में बैठक आयोजित की गई। जिसमें वरिष्ठ व्यवसाई राधेश्याम भाकर को संयोजक और ओमप्रकाश अग्रवाल एवं महेश मुदगल को सह संयोजक बनाया गया।यह तीनों रणनीति बनाने के साथ प्रत्याशी चयन में मुख्य भूमिका निभाएंगे। इसके लिए यह 11 सदस्यीय कोर कमेटी गठित कर बैठक आयोजित करेंगे। अब तक चेंबर के पूर्व अध्यक्ष विष्णु प्रसाद गर्ग संयोजक थे। उनके निधन के पश्चात उक्त व्यक्तियों को जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में विजय गोयल, हेमंत गुप्ता, सुरेश बंसल, प्रमोद अग्रवाल जगदीश मित्तल, किशन मुदगल, उमेश उप्पल आदि उपस्थित रहे।

विद्युत पेंशनर्स का कल रोशनीघर गेट पर होगा प्रादेशिक धरना

ग्वालियर। मप्र वि म पेन्सनर्स एसोसिएशन ग्वालियर के प्रांतीय अध्यक्ष एस के जायसवाल ने बताया कि मप्र विधुत मंडल पेन्सनर्स संयुक्त मोर्चा के संयोजकों द्वारा लिए गए निर्णय के अनुरूप संयुक्त मोर्चा के दो सूत्रीय मांग पत्र पेंशन गारंटी एवं केंद्र के अनुरूप महंगाई राहत को लेकर चलाए जा रहे प्रांत व्यापी आंदोलन के तहत 11 फरवरी को संपूर्ण मध्य प्रदेश में सर्कल स्तर पर दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।

संयुक्त मोर्चा के बैनर तले ग्वालियर सर्किल(ग्वालियर-डबरा)का धरना प्रदर्शन रोशनी घर ग्वालियर स्थित गेट पर 11 फरवरी को दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक कर अधीक्षण यंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा।

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 02 वार्ड क्रमांक 06 स्थान 1705,कॉलोनीपुरा में स्थित है जो कि देवका/खुमान के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000089975 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 600 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र... दिनांक... से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र नौमहला पर दिनांक 09/02/2026 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 61/2010/57952/58159 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 205, 202 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 09-2-2026
शीला राय/बैजनाथ राय
पता:1705,कॉलोनीपुरा, ग्वालियर म.प्र.
मोब-7509526620

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 03 वार्ड क्रं. 07, भवन क्रं. .., स्थानः सरमन कॉलोनी ग्राम रानीपुरा पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती पुष्पाबाई राजपूत / श्री प्रकाश सिंह राजपूत के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 9000186016 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 524 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. A1542330 दिनांक 31.07. 2018 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र लूटपुरा क्षे.क्रं. 03 पर दिनांक ... को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. . .प्र.क्रं. *3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
श्री मुलायम सिंह बघेल / स्व. श्री हरनाथ सिंह बघेल
पताः सरमन कॉलोनी ग्राम रानीपुरा, वार्ड-07
विज्ञप्ति जारी दिनांकः 09-02-2026

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 16 वार्ड क्रं. 37, भवन क्रं. .., स्थानः साहिबा की बगिया पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती मीनू वर्मा / श्री आकाश वर्मा के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 9000185897 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 750 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. A100062684 दिनांक 19. 01. 2026 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र जीवाजीगंज क्षे.क्रं. 16 पर दिनांक 09.02.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 81/2010/38695/60894/ प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
श्रीमती नीतू सिमोलिया / श्री देवेन्द्र सिमोलिया
पताः साहिबा की बगिया, वार्ड-37
विज्ञप्ति जारी दिनांकः 09-02-2026

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भगवान सिंह राठौर पुत्र पूजाराम राठौर के स्वत्व, स्वामित्व का एक भवन जो सर्वे क्रं. 847 के भाग पर निर्मित है, जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है, स्थित ग्राम- बड़फरा, सीताराम मालपानी का कुंआ की तरफ, अम्बाह, वार्ड क्रं. 11, तहसील अम्बाह व जिला मुरैना में है, जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है : पूर्व में - भूखण्ड राठौर, पश्चिम में - भूखण्ड कृष्णकुमार, उत्तर में - भूखण्ड राकेश श्रीवास, दक्षिण में - गली, उक्त सम्पत्ति को भगवान सिंह राठौर ने जरिये विक्रय पत्र पं. दि. 06/01/2021 के द्वारा श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी धर्मेन्द्र सिंह तोमर से क्रय किया है। उक्त सम्पत्ति को श्रीमती पुष्पा देवी ने जरिये विक्रय पत्र पं. क्रं. एम.पी. 25792018ए1364462 पं. दि. 28/05/2018 के द्वारा सुदामा प्रसाद शर्मा पुत्र संतोषी लाल शर्मा से क्रय किया था। भगवान सिंह राठौर के अनुसार, उक्त सम्पत्ति का पूर्व असल विक्रय पत्र पं. क्रं. एम.पी.2579 2018ए1364462 पं. दि 28/05/2018 कहीं गुम हो गया है। उक्त सम्पत्ति को बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु भगवान सिंह राठौर पुत्र पूजाराम राठौर ने वित्तीय संस्था में आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः कोई व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक, प्रायवेट फाइनेंसर, उपरोक्त सम्पत्ति में अपना हक, अधिकार, ऋणभार, जमानत सम्बन्धि भार, अनुबंध रखते हो या उपरोक्त वर्णित पूर्व असल विक्रय पत्र पं. क्रं. एम.पी 2579 2018ए1364462 पं. दि. 28/05/2018 को पूर्व सम्पत्ति स्वामियों या अन्य किसी व्यक्ति द्वारा किसी बैंक या प्रायवेट फायनेन्सर के यहाँ बंधक रखकर ऋण लिया हो या किसी ऋण पेटे जमानत स्वरूप बंधक रखा हो या कोई व्यक्ति किसी प्रकार का दखल उपरोक्त सम्पत्ति में रखता हो तो उक्त सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस में मय दस्तावेजों के हमारे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें, 7 दिवस पश्चात् अगर भगवान सिंह राठौर का अवेदन वित्तीय संस्था के नियमों के अनुसार सही पाया जाता है तो वित्तीय संस्था उपरोक्त सम्पत्ति को बंधक रखकर भगवान सिंह राठौर को ऋण प्रदान कर देगी। उसके पश्चात् प्रस्तुत किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी तथा वित्तीय संस्था द्वारा दिये गये ऋण का भार उपरोक्त सम्पत्ति पर सर्वप्रथम व एक मात्र होगा।

प्रेषकः कौशल पाराशर एवं सुमित तिवारी (एडवोकेट्स)
कार्या. - स्व. श्री ओ. पी. शर्मा, एडवोकेट, जस्टिस हरगोविन्द मिश्रा कॉलोनी, महादजी पार्क, लश्कर, ग्वालियर, मो. : 9893114325

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 03 वार्ड क्रमांक 08 स्थान गदाईपुरा में स्थित है जो कि रामवरण सिंह नरवरिया/लक्ष्मी सिंह नरवरिया के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000148029 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 900 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एमपी142602024 ए1286453 दिनांक 06/03/2024 से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 205, 202 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 09-2-2026
उदय वीर सिंह/लक्ष्मी सिंह नरवरिया
पता: गदाईपुरा, ग्वालियर म.प्र.
मोब-9826347354

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 03 वार्ड क्रमांक 08 स्थान न्यू ग्रसिम विहार,गदाईपुरा में स्थित है जो कि पुष्पा भदौरिया/देवेंन्द्र सिंह भदौरिया के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 9000073906 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 840 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एमपी21/जीआर17402025ए101113056 दिनांक 05/12/2025 से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 205, 202 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 09-2-2026
श्रीमती दर्शना राठौर/विनोद राठौर
पता: न्यू ग्रसिम विहार,गदाईपुरा, ग्वालियर म.प्र.
मोब-9827722411

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 03 वार्ड क्रमांक 07 स्थान 20,कैची धाम वाटर प्लांट के सामने ट्रिपल आई.टी.एम का क्षेत्र में स्थित है जो कि अमर अग्रवाल/अनिल अग्रवाल के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 9000180409 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एमपी142602022ए1976720 दिनांक 26/09/2022 से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र लूटपुरा पर दिनांक 27/01/2026 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 75/2011/ 54855/54784 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 205, 202 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 09-2-2026
राकेश गुप्ता/ शिया सरण गुप्ता
पता: 20,कैची धाम वाटर प्लांट के सामने, ट्रिपल आईटीएम का क्षेत्र, ग्वालियर म.प्र.
मोब-9340599963

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 16, वार्ड क्रं 41,भवन क्रं 1113,स्थान चावडी बाजार ग्वा0 मे स्थित है जो कि जीतेन्द्र जैन,अभिनन्दन पन्नालाल जैन, महेन्द्र कुमार जैन,उमेश पन्नालाल जैन,ओप्रकाश जैन /पन्नालाल जैन के नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं 1000295620 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1565 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं R-17012600083985 दिनांक 19.01.2026 से प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र जीवाजीगंज,क्षे.क्र 16, पर दिनांक 03.02.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 81/2010/38607/60806 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता
आशा गुप्ता/श्री अनिल गुप्ता
पता-चावडी बाजार ग्वा0(म.प्र.)
मो0-6266997025
विज्ञप्ति जारी दिनांक-09.02.2026

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 16, वार्ड क्रं 41,स्थान रतन कॉलोनी जीवाजीगंज ग्वा0 मे स्थित है जो कि वैभव मुण्डी,विकास मुण्डी/चन्द्रकान्त मुण्डी के नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 749 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं R-21012600113276 दिनांक 22.01.2026 से प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र जीवाजीगंज,क्षे.क्र 16, पर दिनांक 02.02.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 81/2010/38599/60798 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता
विकास मुण्डी/स्व. चन्द्रकांत मुण्डी
पता-रतन कॉलोनी जीवाजीगंज ग्वा0(म.प्र.)
मो0-9827044312
विज्ञप्ति जारी दिनांक-09.02.2026

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 16, वार्ड क्रं 37,स्थान अमान का पुरा ग्वा0 मे स्थित है जो कि ओमप्रकाश प्रजापति/बाबूलाल प्रजापति के नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं 9000185649 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 600 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र जीवाजीगंज,क्षे.क्र 16, पर दिनांक 09.02.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 81/2010/38694/60893 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता
मीराबाई,मुरारीलाल, नितिन/स्व. श्री यादराम झा
पता-अमान का पुरा ग्वा0(म.प्र.)
विज्ञप्ति जारी दिनांक-09.02.2026

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 19, वार्ड क्रं 46,स्थान निम्बालकर की गोठ नं 02 ग्वा0 मे स्थित है जो कि मेमो देवी जैन/स्व. श्री सुमत प्रसाद जैन के नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं 1000192863 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 2698 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं एमपी142602021ए3398727 दिनांक 02.06.2021 मृत्युउपरान्त से प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र महाराज बाडा औषधालय, क्षे.क्र 19, पर दिनांक 09.02.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 82/2011/25151/25241 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता
अजीत कुमार जैन/स्व. सुमत प्रसाद, कैलाश खत्री/ रावल दास,चन्द्रप्रकाश गुप्ता/ रामसेवक, अर्चना गागिल/दीपक,अनवेश जैन/विमल चन्द्र,रेखा गुप्ता/चन्द्र प्रकाश गुप्ता,
पता-निम्बालकर की गोठ नं 02 ग्वा0(म.प्र.)
विज्ञप्ति जारी दिनांक-09.02.2026

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 18, वार्ड क्रं 49,स्थान हारकोटासीर ग्वा0 मे स्थित है जो कि गोपाल कुशवाह/स्व. श्री नत्थूसिंह कुशवाह के नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं 9000184824 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 935 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं एमपी142602018ए1769757 दिनांक 24.11.2018 से प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र गोरखी पानी की टंकी, क्षे.क्र 18, पर दिनांक 05.02.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 83/2010/18545/40842 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता
श्रीमती भाव्या/मनीष जादवानी
पता-हारकोटासीर ग्वा0(म.प्र.)
मो0-9000184824
विज्ञप्ति जारी दिनांक-09.02.2026

कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग इंदौर, परिक्षेत्र इंदौर
गायत्री मंदिर के पास, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.)
ई-मेलः cepwdwest@mp.nic.in दूरभाषः 0731-2491825
निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 14/सा./40/निविदा/2025-26 इंदौर, दिनांक 05/02/2026

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा तीन लिफाफा पद्धति में आमंत्रित की जाती है. उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है:-

क्र.	पोर्टल क्रमांक	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित राशि रू. लाख में	अमानत राशि रू. में	निविदा प्रपत्र की राशि रू. में	कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि
1	2026_PWD RB_479898	अलिराजपुर	अलिराजपुर रोड़धा थोड़सिंधी से वालपुर मार्ग लम्बाई 22.240 कि.मी. का निर्माण कार्य मय पोल शिफ्टिंग कार्य सहित।	5060.93	2530465/-	50000/-	14 माह वर्षाकाल सहित।
2	2026_PWD RB_479899	अलिराजपुर	बिछोली हाथीपाई फलिया से ककड़वाल सिलोटा मार्ग लम्बाई 06.70 कि.मी. का निर्माण कार्य मय पोल शिफ्टिंग कार्य सहित।	864.57	864570/-	20000/-	12 माह वर्षाकाल सहित।
3	2026_PWD RB_479900	अलिराजपुर	वालपुर निचला फलिया से बेहड़वा व्हाया कुकड़िया मार्ग लम्बाई 07.00 कि.मी. का निर्माण कार्य मय पोल शिफ्टिंग कार्य सहित।	855.99	855990/-	20000/-	12 माह वर्षाकाल सहित।
4	2026_PWD RB_479901	इंदौर	काकरिया बोरडिया से जमूड़ी सरवर जिंदाखेड़ा पलकाकरिया मार्ग लम्बाई 09.00 कि.मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित। (द्वितीय आमंत्रण)	1099.14	1000000/-	30000/-	12 माह वर्षाकाल सहित ।
5	2026_PWD RB_479902	इंदौर	टाटा शोरूम के सामने ए.बी. रोड़ लसूडिया इंदौर (पुराना ए. बी. रोड़) निरंजनपुर चौराहा से मांगलिया तक सेंटर डिवाइडर निर्माण मय सेंटर लाइटिंग मार्ग लम्बाई 07.00 कि.मी. का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	639.98	639980/-	20000/-	06 माह वर्षाकाल सहित ।
	महायोग-			8520.61 लाख			

निविदा प्रपत्र उपरोक्त दर्शित वेबसाईट से निविदा का निर्धारित मूल्य ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किए जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 19.02.2026 समय 17:30 तक निर्धारित है। निविदा की विस्तृत शर्तें एवं नियम उपरोक्त दर्शित पोर्टल पर देखी जा सकती है।
निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन यदि हो तो उसे समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाकर केवल वेबसाईट पर ही प्रदर्शित किया जाएगा।
सभी दस्तावेज केवल ऑनलाईन वेबसाईट पर ही प्रस्तुत करें। भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज इस कार्यालय में न भेजें जाए।

G-25585/25
मुख्य अभियंता
लो.नि.वि. इंदौर, परिक्षेत्र इंदौर